the industry of the country to grow more smoothly;

(d) whether Government propose to take some action in the matter; and

(e) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI RAMESHWAR THAKUR): (a) and (b) The Government is aware of a study titled 'Import Duties in India' conducted by the Birla Economic Research Foundation, according to which high import duties have resulted in cost escalation throughout the economy.

(c) to (e) A high level committee of experts under the chairmanship of Dr. Raja J. Chelliah has been constituted by the Government yi August, 1991 in order to examine the structure of direct and indirect taxes, the report of which is awaited.

विदेशों में बनवाये गये भारतीय सिक्के

2717. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार विदेशों में कहां-कहां अपने सिक्के बनवाती है;

(ख) पिछले एक वर्ष में किन-किन देशों से कितनी-कितनी मुद्रा के सिक्के आयात किये गये और इस प्रयोजन के लिए उन देशों को कितनी धनराशि का भुगतान किया गया; और

(ग) क्या उपर्युक्त सिक्कों के लिए उन्हें भुगतान विदेशों मुद्रा में किया गया था या कि भारतीय मुद्रा में?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह): (क) इस समय, सरकार विदेश में सिक्के नहीं ढलवाती है।

(ख) और(ग) उपर्युक्त (क) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

एक रुपये के नोट की छपाई और उसके परिचालन का स्थगन

2718. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने एक रुपये के नोट की छपाई और उसके परिचालन को बन्द करने के बारे में कोई निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो उसके मुख्य-मुख्य कदम क्या हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह): (क) सरकार का एक रुपए के नोट की छपाई चरणबद्ध तरीके से बन्द करने का प्रस्ताव है।

(ख) एक रुपए के नोट परिचालन में कुल नोटों का मात्रा की दृष्टि से लगभग 21 प्रतिशत बैठते हैं, लेकिन मूल्य की दृष्टि से केवल 1, 1 प्रतिशत हैं। एक रुपए के नोटों के मुद्रण और परिवहन पर होने वाला व्यय न तो इसकी क्रय शक्ति और न ही इन नोटों की प्रचालन-अवधि के अनुरूप है। एक रुपए के नोट को एक रुपए के सिक्के से प्रतिस्थापित करने का प्रस्ताव था।

नोट छापने के मुद्रणालय का कार्यकरण

2719. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में किन-किन स्थानों पर नोट छापने के मुद्रणालय कार्यरत हैं;

(ख) क्या इनमें से कुछ के कार्यकरण के खिलाफ सरकार को आपत्तिजनक रिपोर्टें मिली है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इस मामले में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है?

वित्त मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री दलबीर सिंह): (क) नोट छापने के मुद्रणालय नासिक और देवास में स्थित हैं।

(ख) जी, नहीं।

(ग) उपर्युक्त (ख) के उत्तर के देखते हुए प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।